आकाषवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेषिक समाचार

दिनांकः 28.08.2025 समय : 18.30 पीएम

- राजस्थान उच्च न्यायालय ने पुलिस उप निरीक्षक भर्ती परीक्षा– 2021 को रद्द किया– आरपीएससी की कार्यशैली पर गंभीर सवाल उठाए।
- राज्य विधानसभा के 1 सितम्बर से शुरू होने वाले सत्र से पहले आज सर्वदलीय बैठक हुई –कांग्रेस ने बैठक में हिस्सा नहीं लिया।
- प्रदेश में अब पीएम कुसुम योजना के तहत प्राथमिकता के आधार पर तत्काल कृषि कनेक्शन जारी किए जा सकेंगे।
- राज्य के ज्यादातर भागों में तेज़ बारिश का दौर धीमा पड़ा– मौसम विभाग ने 30 अगस्त से कई स्थानों पर फिर अच्छी बारिश की संभावना जताई।

000

राजस्थान उच्च न्यायालय ने पुलिस उप निरीक्षक भर्ती परीक्षा 2021 को रद्द करने का फैसला सुनाया है। न्यायाधीश समीर जैन की एकलपीठ ने यह फैसला दिया। न्यायालय ने माना कि इस भर्ती के पेपर का पूरे प्रदेश में प्रसार हुआ साथ ही आरपीएससी के सदस्यों की भूमिका भी संदिग्ध रही। न्यायालय ने कहा कि अब एसआई 2025 की भर्ती में 2021 के 859 पदों को भी जोड़ा जाये। साथ ही 2021 के अभ्यर्थियों को नई भर्ती में शाामिल करने के निर्देश भी दिये गये हैं। याचिकाकर्ताओं के वकील हरेंद्र नील ने न्यायालय के बाहर मीडियाकर्मियों से बताचीत में कहा कि अदालत ने भर्ती में आरपीएससी की संलिप्तता पर स्वतः संज्ञान लिया और मामला चीफ जस्टिस के सामने सुनवाई के लिए रैफर किया है।

...................

हमारे संवाददाता ने बताया कि न्यायालय ने अपने फैसले में आर.पी.एस.सी. की कार्यशैली पर गंभीर सवाल उठाये हैं।

...................

उच्च न्यायालय के आदेश पर प्रतिक्रिया देते हुए विधि और संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल ने कहा कि आदेश का परीक्षण कराया जायेगा। वहीं, कृषि और ग्रामीण विकास मंत्री किरोड़ी लाल मीणा ने न्यायालय के निर्णय का स्वागत किया है। उन्होंने दावा किया कि एसआई भर्ती परीक्षा में करीब 50 फीसदी लोग गलत भर्ती हो गये थे।

राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी के संयोजक और सांसद हनुमान बेनीवाल ने भी न्यायालय के निर्णय स्वागत किया और कहा कि उनकी पार्टी ने इस मामले को लेकर जयपुर के शहीद स्मारक पर चार माह से अधिक समय तक धरना दिया।

एसओजी के एडीजी वी.के सिंह ने कहा कि अदालत के इस आदेश से पेपरलीक को लेकर एक विशेष संदेश जनता के बीच जायेगा और ऐसे अनुचित कार्यों में संलिप्तता से पहले लोग सोचेंगे।

000

राज्य विधानसभा के 1 सितंबर से शुरू होने वाले सत्र से पहले आज विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवानानी की ओर से सर्वदलीय बैठक बुलाई गयी। हालांकि इस बैठक में प्रतिपक्ष के नेता शामिल नहीं हुए। बैठक में मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा समेत भाजपा के वरिष्ठ नेता शामिल हुए। बैठक के बाद सरकारी मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग ने मीडिया से बातचीत में कहा कि स्पीकर ने प्रतिपक्ष के नेता से बातचीत करके ही बैठक बुलाई थी, लेकिन बैठक में न वे शामिल हुए न उनके मुख्य सचेतक। उन्होंने विपक्ष के इस रवैये की निंदा की। संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल ने बताया कि विधानसभा सत्र की सभी तैयारियां लगभग पूरी कर ली गई हैं। उन्होंने कहा कि सरकार और विपक्ष दोनों की जिम्मेदारी है कि सत्र में जनहित से जुड़े मुद्दे उठाए जाए।

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज जापान और चीन की दो दिन की यात्रा पर रवाना होंगे। श्री मोदी, यात्रा के पहले चरण में जापान में 15वें भारत–जापान वार्षिक शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेंगे। श्री मोदी की जापान के प्रधानमंत्री शिगेरु इशिबा के साथ यह पहली शिखर बैठक होगी। इस यात्रा के दौरान, दोनों प्रधानमंत्री भारत और जापान के बीच विशेष रणनीतिक और वैश्विक साझेदारी की समीक्षा करेंगे साथ ही क्षेत्रीय और वैश्विक महत्व के मुद्दों पर भी चर्चा करेंगे।

000

प्रदेश में अब पीएम कुसुम योजना के तहत स्थापित विकेन्द्रित सौर ऊर्जा संयंत्रों से जुड़े 33 और 11 केवी सब स्टेशन क्षेत्रों में अलग से प्राथमिकता के आधार पर तत्काल कृषि कनेक्शन जारी किए जा सकेंगे। इसके लिए कृषि कनेक्शन नीति–2017 में संशोधन को भी मुख्यमंत्री ने मंजूरी दे दी है। प्रदेश के तीनों विद्युत वितरण निगमों ने इस संबंध में आदेश जारी कर दिए हैं। मुख्यमंत्री के इस निर्णय के बाद अब ऐसे सौर ऊर्जा संयंत्रों की क्षमता के अनुसार 33 और 11 केवी से निकलने वाले फीडरों पर कृषि कनेक्शन के लिए आवेदकों को अलग से प्राथमिकता से मांग पत्र जारी किए जा सकेंगे। उल्लेखनीय है कि प्रदेश की गांव–ढाणियों में लगभग 1543 मेगावाट क्षमता के 776 विकेन्द्रित सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित किए जा चुके हैं।

000

गणेश चतुर्थी के उपलक्ष्य में आज जयपुर की मोती डूंगरी से भगवान गणेश की शोभायात्रा निकाली जा रही है। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने शोभायात्रा को शुभारंभ किया। यह शोभायात्रा मोती डूंगरी रोड, जौहरी बाजार, त्रिपोलिया बाजार से गणगौरी बाजार होते हुए ब्रह्मपुरी से नाहरगढ़ स्थित गढ़ गणेश मंदिर तक पहुंचेगी। उधर सवाईमाधोपुर के त्रिनेत्र गणेश मन्दिर में आयोजित मेला आज सम्पन्न हो गया। इस मेले में केंद्रीय संचार ब्यूरो के क्षेत्रीय कार्यालय की ओर से आज दूसरे दिन भी केंद्र सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का व्यापक प्रचार प्रसार किया गया। इस दौरान चित्र प्रदर्शनी, संगोष्ठी, मौखिक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता के आयोजन भी हुए और एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण भी किया गया।

0000

दिगम्बर जैन समाज का दस लक्षण पर्व आज शुरू हुआ। 10 दिन के इस पर्व के अन्तर्गत प्रतिदिन मन्दिरों में विभिन्न कार्यक्रम रखे जाएंगे। पर्व का पहला दिन आज उत्तम क्षमा दिवस के रूप में मनाया गया। डूंगरपुर के जिनालयों में आज पूरी श्रद्धा के साथ भगवान नेमीनाथ का अभिषेक किया गया। इससे पहले श्वेताम्बर जैन समाज का पर्युषण पर्व पूरा होने के अवसर पर आज क्षमापना कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर लोगों ने एक दूसरे से सालभर में जाने–अनजाने हुई गलतियों के प्रायश्चित के रूप में माफी मांगी। पाली के जैन मन्दिरों में विशेष सजावट की गई।

000

प्रदेशभर में आज ऋषि पंचमी पर्व मनाया जा रहा है। इस अवसर पर जलाशयों के किनारे सप्त ऋषियों की पूजा अर्चना कर श्रावणी कर्म किया जा रहा है। पाली और सलूम्बर में महिलाओं ने व्रत रखा। चूरू में शिक्षण संस्थाओं में कार्यक्रम आयोजित किये गये।

0000

जम्मू–कश्मीर में 26 अगस्त को ऑपरेशन रक्षक में वीर गति को प्राप्त हवलदार इकबाल अली को आज झुन्झुनूं के लालपुर गांव में सुपुर्द–ए–खाक किया गया। इकबाल अली 21 ग्रेनेडियर्स में जम्मू–कश्मीर के कुपवाड़ा में तैनात थे। उनके अंतिम संस्कार से पहले हज़ारों की संख्या में युवाओं ने तिरंगा रैली निकाली। इकबाल अली के जनाजे में वक्फ बोर्ड के चेयरमैन डॉ. खानू खां बुधवाली, मदरसा बोर्ड के चेयरमैन एम.डी चोपदार, सांसद बृजेन्द्र ओला, विधायक राजेन्द्र भांबू, हाकम अली, पितराम काला, भगवानाराम सैनी, जिला कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक और हजारों की संख्या में ग्रामीण और युवा शामिल हुए।

000

प्रदेश के ज्यादातर भागों में तेज बारिश का दौर धीमा पड़ने से लोगों ने राहत की सांस ली है। हालांकि अब भी अधिकतर जगह हल्की से मध्यम वर्षा का दौर जारी है। बीते 24 घंटे में डूंगरपुर के वेजा में भारी वर्षा दर्ज की गयी। बांसवाड़ा ज़िले के कुशलगढ़ और सज्जनगढ़ में मूसलाधार बारिश हुई। क्षेत्र की पुलिया पर पानी आने से 6 घंटे तक आवागमन बंद रहा। जिले के माही बांध और कागदी पिकअप वियर में भारी मात्रा में पानी आने के बाद अतिरिक्त पानी की निकासी की जा रही है। डूंगरपुर में आज तेज बरसात से कई जगह पानी भर गया।

चूरू और आसपास के गांवों में दोपहर बाद अच्छी बारिश हुई। राजधानी जयपुर सहित कई जिलों में आज बादल छाये रहे। कहीं–कहीं हल्की बारिश वहीं कुछ स्थानों पर बूंदाबांदी के समाचार हैं। मौसम केंद्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने कहा कि आज और कल हल्की से मध्यम बारिश का दौर जारी रहेगा। 30 अगस्त से कुछ इलाकों में एक बार फिर तेज बारिश का सिलसिला शुरू होगा।

000

सलूम्बर ज़िले के झल्लारा अमलोदा मार्ग पर आज सारणी नदी के तेज़ बहाव में एक शिक्षक बह गया। एसडीआरएफ और पुलिस की संयुक्त टीम शिक्षक की तलाश में लगी हुई है। वहीं लूणी नदी में कल श्रद्धालुओं से भरी एक जीप पलटने से नदी में बहे तीन लोगों की तलाश जारी है। जोधपुर और फलौदी से गई एसडीआरएफ की टीमें इस काम में पूरी मुस्तैदी से जुटी हैं। इस बीच जालौर जिले के आसाना

गांव के पास नदी में बहे सभी युवकों के शव एसडीआरएफ और सिविल डिफेंस की टीमों ने निकाल लिये हैं। कड़ी मशक्कत के बाद घटना स्थल से काफी दूर आज दो शव निकाले गये। कल इसी नदी से 4 शव निकाले गये थे।

000

केन्द्र सरकार ने कच्चे कपास के आयात पर कर छूट इस वर्ष 30 सितम्बर से 31 दिसम्बर तक बढ़ाने का फैसला किया है। वित्त मंत्रालय ने कहा कि यह फैसला भारतीय वस्त्र उद्योग के लिए कपास की उपलब्धता बढ़ाने के उद्देश्य से किया गया है। इससे पहले, सरकार ने कपास के आयात पर 19 अगस्त से 30 सितम्बर तक अस्थायी कर छूट दी थी।

0000